**श्री अवनीश कुमार सिंह, भा0प्र0से0, जिलाधिकारी–सह–अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, जमुई की अध्यक्षता में दिनांक– 14.03.2023 को जिलाधिकारी प्रकोष्ठ में जिला गुणवत्ता यकीन समिति के बैठक की कार्यवाहीः–**

उपस्थितिः– पंजी के अनुसार।

सर्वप्रथम सिविल सर्जन–सह–सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति, जमुई के द्वारा बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।

तत्पश्चात् जिला पदाधिकारी–सह–अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, जमुई द्वारा जिला गुणवत्ता यकीन समिति के बैठक में विभिन्न सूचकांकों पर बिंदुवार समीक्षा की गयी जो निम्न प्रकार से है–

1. **परिवार नियोजन–** जमुई जिलान्तर्गत परिवार नियोजन कार्यक्रम के लिये दो संस्था FRHSI एवं जननी–सूर्या क्लिनिक का प्रत्यायन पूर्व में किया गया था, परंतु वर्त्तमान में इनकी एकरारनामा अवधि समाप्त होने के कारण दोनों संस्था के द्वारा पुनः एकरारनामा अवधि विस्तार के लिये आवेदन दिया गया है। बैठक में बताया गया कि FRHSI का कार्य मूल्यांकन कार्यालय पत्रांक– 41 दिनांक– 17.01.2023 से मंगाया गया था, जिसके आलोक में संबंधित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा इनके कार्य को संतोषप्रद बताया गया है।

   जननी–सूर्या क्लिनिक के कार्यावधि विस्तार के लिये इनके कार्य का मूल्यांकन कार्यालय पत्रांक– 157 दिनांक– 21.02.2023 से मंगाया गया था, जिसके आलोक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, बरहट एवं लक्ष्मीपुर के द्वारा इनके कार्य को संतोषप्रद बताया गया है, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, गिद्धौर के द्वारा इनके कार्य को पूर्ण रूप से संतोषप्रद नहीं बताया गया है।

   **निर्णय– समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सिविल सर्जन द्वारा समिति गठित कर दोनों एजेंसी के लिये जो टीम कार्य करेंगी उनकी दक्षता जांच करा ली जाय। तत्पश्चात् टीम के रिपोर्ट के आधार पर इनके कार्यावधि विस्तार का आदेश निर्गत किया जा सकता है।**

   **(सिविल सर्जन / अ0मु0चि0पदा0 / जि0कार्य0प्र0 / संबंधित एजेंसी)**

2. **Major Gaps-** Care India प्रतिनिधि द्वारा सभी प्रा0स्वा0के0 / सामु0स्वा0के0 का Gap Assessment पर चर्चा किया गया। निदेशित किया गया कि सिविल सर्जन के माध्यम से इसकी प्रति सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को दी जाय। संबंधित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक उक्त Major Gaps को दूर करते हुये इसका बिंदुवार अनुपालन प्रतिवेदन 15 दिनों के अंदर उपलब्ध करायेंगे।

   **(उपाधीक्षक, सदर अस्पताल / सभी प्र0चि0पदा0 / अ0प्र0 / प्र0स्वा0प्र0)**

| | | |
|---|---|---|
| डीटी0एल0– केयर इंडिया, जमुई। | प्रभारी प्राचार्य, जी0एन0एम0स्कूल, गिद्धौर। | जिला योजना समन्वयक, जिला स्वास्थ्य समिति, जमुई। |
| प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रा0स्वा0के0, ई0अलीगंज। | प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सामु0स्वा0के0, सोनो। | डॉ0 मृत्युंजय कुमार, जेनरल सर्जन, सदर अस्पताल, जमुई। |

जिला कार्यक्रम प्रबंधक,
जिला स्वास्थ्य समिति, जमुई।

श्री उमाशंकर प्रसाद,
G.P. Representative legal Cell,
Jamui

सिविल सर्जन–सह–सचिव,
जिला स्वास्थ्य समिति, जमुई।

जिला पदाधिकारी–सह–अध्यक्ष,
जिला स्वास्थ्य समिति, जमुई।

ज्ञापांकः– 372 /दिनांकः– 28/3/23

प्रतिलिपिः– टीम लीडर– केयर इंडिया, जमुई को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/सभी अस्पताल प्रबंधक/सभी प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक/सभी प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक/सभी लेखापाल, जमुई जिलान्तर्गत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– संबंधित समिति सदस्य को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, जमुई को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जमुई को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– रा0कार्य0पदा0, गुणवत्ता यकीन, रा0स्वा0स0, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– रा0कार्य0पदा0, परिवार कल्याण कार्यक्रम, रा0स्वा0स0, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– कार्यपालक निदेशक, रा0स्वा0स0, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

सिविल सर्जन–सह–सचिव,
जिला स्वास्थ्य समिति, जमुई।